पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 26 फरवरी, 2025



# नोएडा स्पोर्ट्स सिटी की जांच करेगी सीबीआई और ईडी

## हाईकोर्ट ने दिया आदेश, नोएडा प्राधिकरण और राज्य सरकार को 9000 करोड़ के नुकसान का लगा आरोप



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के स्पोर्ट्स सिटी में 9000 करोड़ के घोटाले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सीबीआई और ईडी को जांच के आदेश दिए हैं।

साथ ही कहा कि बिल्डरों, कंसोर्टियम और नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के खिलाफ भी जांच किए जाएं। न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने नोएडा में 4 स्पोर्ट्स सिटी परियोजनाओं में से तीन को कवर करते हुए 10 अलग-अलग फैसले दिए। साथ ही उन्होंने फैसले पर पूरे स्पोर्ट्स सिटी प्रोजेक्ट को भ्रष्टाचार की टेस्ट बुक का स्पेशल उदाहरण बताया। कोर्ट ने लैंड यूज वायलेशन, वित्तीय अनियमितता, दिवालिया कार्यवाही और स्पोर्ट सुविधाओं का पूरा न होने सहित कई अन्य पहलुओं की जांच करने के आदेश दिए। कोर्ट ने कहा. अब सीबीआई को जांच सौंपने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। कोर्ट ने कहा. नोएडा प्राधिकरण से महत्वपूर्ण लाभ और रियायतें लेने के बाद भी डेवलपर्स ने अनिवार्य खेल सुविधाओं को बनाने की बजाए केवल व्यवसायिक विकास पर ध्यान केंद्रित किया। ये ऑर्डर सेक्टर 78, 79 और 101 में स्पोर्ट्स सिटी परियोजनाओं से संबंधित हैं। जहां जनाडु एस्टेट प्रमुख डेवलपर है। सेक्टर 150 में 2 स्पोर्ट्स सिटी परियोजनाएं जिसे लॉजिक्स इंफ्रा डेवलपर्स और लोटस ग्रीन्स कंस्ट्रक्शन की ओर से विकसित की गईं।

वहीं सेक्टर 78-79 में परियोजनाओं के प्रमुख डेवलपर्स और लॉजिक्स की स्पोर्ट्स सिटी परियोजना वर्तमान में दिवालियेपन की कार्यवाही से गुजर रही है। जिसको कोर्ट ने वित्तीय और कानूनी दायित्वों से बचने के लिए एक जानबूझकर रणनीति करार दिया। दरअसलए स्पोर्टस सिटी के प्रमुख डेवलपर्स ने याचिका के जरिए नोएडा प्राधिकरण की ओर से लिए जा रहे एक्शन से बचने की मांग कोर्ट से की थी। हाइकोर्ट ने उनके दावों को खारिज कर दिया। साथ ही कहा कि डेवलपर्स मूल योजना के अनुसार परियोजना का निर्माण नहीं कर सके। इन-साल्वेंसी को देनदारी से बचने के लिए ढाल बनाते रहे। इस मामले में नोएडा प्राधिकरण के पास लंबित बकाया वसूलने और कानूनी कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है।

साथ ही राज्य सरकार को वित्तीय कुप्रबंधन और धोखाधड़ी की आगे की जांच शुरू करनी चाहिए। बता दें ऑडिट में स्पोर्ट्स सिटी आवंटन में बड़ी वित्तीय अनियमितता का खुलासा किया था। इससे नोएडा प्राधिकरण और राज्य सरकार को 9000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

ऑडिट में पाया गया कि डेवलपर्स को जमीन कम कीमत पर दी गई। डेवलपर्स ने नोएडा प्राधिकरण को साइड लाइन करते हुए स्वामित्व का अनाधिकृत ट्रांसफर किया गया। लीज प्रीमियम, जुर्माना और ट्रांसफर चार्ज तक नहीं दिए गए। साथ ही खेल के बुनियादी ढांचे के पूरा न होने के बावजूद अधिभोग प्रमाण पत्र जारी किए गए थे। कोर्ट ने कहा- सीएजी रिपोर्ट 2021 में पब्लिश हुई थी।

फिर भी न तो नोएडा प्राधिकरण और न ही राज्य सरकार ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ ईडी दर्ज करने या बिल्डरों से बकाया वसूलने जैसी कोई कार्रवाई की।

केवल डेवलपर्स को भुगतान की मांग के लिए नोटिस भेजा गया था। जिस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। कोर्ट ने नोएडा प्राधिकरण और राज्य के अधिकारियों को उनकी निष्क्रियता और मिलीभगत के लिए फटकार लगाते हुए कहा कि पिछले कुछ सालों में प्राधिकरण में कई बड़े अधिकारी आए और गए लेकिन किसी भी अधिकारी ने चिंता नहीं जताई या घाटे की भरपाई करने का प्रयास नहीं किया।

# श्री दूधेश्वर नाथ चौक से निकाली जाएगी शिव बारात

- जलाभिषेक के लिए मंदिर ने जारी किया कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



फाल्गुन माह की महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी को मनाया जाएगा। जिसे लेकर शहर के ऐतिहासिक दुधेश्वरनाथ सहित अन्य शिवालयों में जलाभिषेक को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। दूधेश्वरनाथ मंदिर में आज रात्रि 12 बजे से जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो जाएगा। तो वहीं भगवान दूधेश्वर का अष्टप्रहर रूद्राभिषेक पूजन भी होगा।

मंदिर के महंत व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता नारायण गिरी महाराज ने बताया कि हिंदू धर्म में महाशिवरात्रि पर्व का बहुत अधिक महत्व है। इस पर्व भगवान शिव का व्रत रखकर उनकी पूजा.अर्चना करने व जलाभिषेक करने से भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती हैए जिससे जीवन सुखण्समृद्धि व खुशहाली से भर जाता है। शिवरात्रि पर दूधेश्वरनाथमंदिर में जलाभिषेक के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ता है।

12 बजे से भगवान दूधेश्वर का विधिवत पूजन करने के उपरांत जलाभिषेक शुरू होगा। मंदिर के मीडिया प्रभारी एसआर सुथार ने बताया कि मंदिर के मुख्यद्वार पर आज शाम को भगवान शिव का जागरण होगा जिसका श्रीगणेश 'योत प्रचंड से होगा। सुबह साढ़े तीन बजे से साढ़े चार बजे तक भगवान दूधेश्वर का भव्य श्रृंगार किया जाएगा व आरती की जाएगी। भक्तों के लिए मंदिर के कपाट आज 12 बजे से खोले जाएंगे। सिर्फ आरती और श्रृंगार के लिए मंदिर के कपाट बंद होंगे। शाम को पौने छह बजे से सात बजे तक दूसरा श्रृंगार होगा। जलाभिषेक 25 फरवरी को मध्य रात्रि 12 बजे से आरंभ होकर 26 फरवरी की रात्रि 12 बजे तक चलेगा। महंत नारायण गिरी के सनिध्य में अष्टङ्कप्रहर रूद्राभिषेक पूजन होगा। जिसमें प्रथम प्रहर प्रातरूकाल 6 बजे से 7.30 बजे तकए द्वितीय प्रहर 8 बजे से 9.30 बजे तकए तृतीय प्रहर 10 बजे से 11.30 बजे तकए चतुर्थ प्रहर 12 बजे से 1.30 बजे तक पंचम प्रहर 2 बजे से 3.30 बजे तकए षष्ठम प्रहर 4 बजे से 5.30 बजे तकए सप्तम प्रहररात्रि 8 बजे से 10 बजे तक व अष्टम प्रहर 10 बजे से 12 बजे तक होगा। अष्ट प्रहर रूद्राभिषेक पूजन श्री दूधेश्वर वेद विद्यालय के आचार्य एवं विद्यार्थियों द्वारा कराया जाएगा।

# पिता की डांट से नाराज होकर नाबालिग बेटे ने की आत्महत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पिता के डाट से आक्रोशित एक 16 वर्षीय छात्र ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सैनी ने बताया कि अनमोल राठौर पुत्र सुशील राठौर निवासी ग्राम बरौला ने बीती रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि वह एक स्कूल में पढ़ता था। उसके माता.पिता ने पढाई को लेकर उसे डांट दिया था। इस वजह से वह आक्रोशित हो गया तथा उसने आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना दनकौर क्षेत्र के ग्राम धौला राजापुर में रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या करने के मामले में उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले आरोपी को थाना दनकौर पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। इस मामले में घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार



बरामद हुए चोरी के मोबाइल फोन की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

### हर्ष फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सूरजपुर पुलिस ने साकीपुर गांव में विवाह समारोह के दौरान रविवार की रात हर्ष फायरिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आरोपी ने अवैध पिस्तौल से गोलीबारी की थी, पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त अवैध पिस्तौल भी बरामद कर लिया गया है। अवस्थी ने बताया कि गोली लगने से घायल हलवाई संतोष और ईश्वर दयाल का अस्पताल में उपचार जारी है, जहां उनकी हालत नाजुक है। पुलिस का कहना है कि पिस्तौल देने वाले के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### बिजली का करंट लगने से छात्रा की मौत

**नोएडा।** नहाने के लिए पानी गरम कर रही 19 वर्षीय छात्रा की मंगलवार को बिजली का करंट लगने से मौत हो गई।थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सलारपुर गांव में रहने वाली 19 वर्षीय युवती प्रिया कुमारी, पुत्री सुरेंद्र मिश्रा सुबह अपने घर पर नहाने के लिए पानी गरम कर रही थी। तभी बिजली की राड से उसे करंट लग गया। उन्होंने बताया कि उसके परिजनों ने गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए नोएडा के सेक्टर 24 स्थित ईएसआईसी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आइडिया शेयरिंग वर्कशॉप का किया आयोजन

**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आइडिया शेयरिंग वर्कशॉप का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान बतौर वक्ता ईरिक्रूटकॉम के सीईओ अजय गोयल ने अपने विचार व्यक्त किए। संस्थान द्वारा आयोजित इस स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम में आईएमएस स्किल डेवलपमेंट सेंटर की सलाहकार पूजा तलवार एवं संस्थान के महानिदेशक प्रोफेसर विकास धवन ने अपनी मौजूदगी दर्ज करायी। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रोफेसर विकास धवन ने कहा कि छात्रों में समग्र विकास के लिए व्यवहारिक अनुभव एवं नई तकनीकों की समझ होना जरूरी है। आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं हैए बल्कि वास्तविक जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए विद्यार्थियों को आधुनिक कौशल और नवाचार अपनाने की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता अजय गोयल ने छात्रों को नवीनतम उद्योग प्रवृत्तियों, कौशल विकास और करियर ग्रोथ के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में कंपनियां केवल डिग्री नहीं बल्कि व्यावहारिक कौशल और समस्याओं के समाधान की क्षमता को अधिक महत्व देते हैं। उन्होंने छात्रों को नवीनतम तकनीकोंए डिजिटल परिवर्तन और इंडस्ट्री 4.0 के प्रभाव को समझने के लिए प्रोत्साहित किया।

### अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी, कामकाज ठप

**गाजियाबाद।** बार कांउसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आहवाहन पर अधिवक्ता संशोधन अधिनियम के विरोध में बार एसोसिएशन ने हड़ताल की। अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते रजिस्ट्री से सम्बंधित कामकाज नहीं हुए तो वहीं कचहरी में भी अधिवक्ताओं ने कामकाज नहीं किया। इतना ही नहीं इस हड़ताल में स्टॉप वेंडर, टाईपिस्ट, फोटोकॉपी आदि की दुकानें भी बंद रखी गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन किसी भी तरह से अधिवक्ताओं के हित में नहीं है। एसोसिएशन के सचिव अमित कुमार नेहरा ने बताया कि अधिवक्ता व उनके परिवार के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट का प्राविधान करने की मांग काफी समय से की जा रही हैए लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। अधिवक्ताओं ने हड़ताल कर अपनी छह सूत्रीय मांगे भी रखीं जिसमें अधिवक्ताओं को मेडिकल क्लेम की दस लाख तक की राशि, पीड़ित परिवारों को दस लाख का बीमा की मांग की।

# मामूली विवाद में युवक को गोली मारी, दो गिरफ्तार

- आरोपियों से तमंचा और कारतूस बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के सरकपुर गांव में धूल उडने के विवाद में एक युवक को गोली मारने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। घटना 19 फरवरी की है।

सरकपुर गांव का सागर नाम का युवक अपनी दुकान के पास खड़ा था। इसी दौरान लकी नाम का युवक दूध से भरी गाड़ी लेकर वहां से गुजरा। गाड़ी से उड़ी धूल सागर पर पड़ गई। इस बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई।

गांव वालों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया। लेकिन रात को लकी अपने परिवार के लोगों के साथ सागर के घर पहुंच गया। आरोपियों ने सागर पर गोली चलाई और डंडों से पीटा। पेट में गोली लगने से सागर गंभीर रूप से घायल हो गया।

उसका अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायल के पिता नरेश उर्फ लीलू ने पांच नामजद समेत 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस पहले ही लकी और वरुण को गिरफ्तार कर चुकी है। अब रिंकू और प्रशांत भड़ाना को भी पकड़ा है। प्रशांत पर पहले से 4 संगीन मामले दर्ज हैं। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि अब तक चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# मार्च में शुरू होगा अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी का निर्माण

- 27 को बोनी कपूर जमीन पर लेंगे कब्जा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण ने सेक्टर-21 में विकसित होने वाली इंटरनेशनल फिल्म सिटी का निर्माण कार्य मार्च में शुरू हो जाएगा। शिलान्यास के लिए मुख्यमंत्री से मार्च में समय मांगा गया है।

उधर फिल्म निर्माता निर्देशक बोनी कपूर 27 फरवरी को परिवार के साथ मौके पर जमीन का कब्जा लेने पहुंचेंगे। विकासकर्ता कंपनी की तरफ से फिल्म सिटी में फेज के हिसाब से होने वाले लेआउट प्लान व डिजाइन बनकर तैयार है। जिसे यमुना प्राधिकरण में जमा कर दिया गया है। पहले फेज का ले-आउट प्लान भी मंजूर हो चुका है। इसका डिजाइन 27 फरवरी को अप्रूव हो जाएगा। फिल्म सिटी में यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे व्यावसायिक गतिविधियां भी होंगी। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ;यीडाद्ध सेक्टर.21 में अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी पहले चरण में 270 एकड़ में विकसित किया जाएगा। बेव्यू और रियल इस्टेट की कंपनी भूटानी मिलकर फिल्म सिटी विकसित करेगा। सबसे 'यादा राजस्व के हिसाब से बोली लगाने पर बोनी कपूर की कंपनी को फिल्म सिटी निर्माण टेंडर हासिल किया था। इंटरनेशनल फिल्म सिटी को एक हजार एकड़ में विकसित किया जाना है। पहला चरण 2×0 एकड़ और दूसरा चरण 670 एकड़ में विकसित होगा। ये फिल्म सिटी सीधे यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ेगी। सेक्टर-21 के पास यमुना एक्सप्रेसवे पर दोनों तरफ दो अलग-अलग रैम्प का निर्माण किया जाएगा। रैम्प निर्माण के लिए प्राधिकरण टेंडर जारी करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर अरूण वीर सिंह ने बताया कि रैम्प निर्माण के लिए टेंडर जारी हो जाएगा। टेंडर जारी होने के बाद मार्च में रैम्प का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। सेक्टर-21 में फिल्म सिटी का निर्माण किया जाना है। ये उसका ले आउट प्लान है। फिल्म सिटी के दूसरे चरण में होटलए रिसोर्ट और व्यवसायिक गतिविधियों को विकसित किया जाएगा।

# कृषि मंत्री ने वर्चुअली सरस आजीविका मेला का किया विविधत उद्घाटन

**पायनियर सामचार सेवा।** नोएडा

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान के सहयोग से आयोजित सरस आजीविका मेला 2025 का विधिवत उद्घाटन किया गया। वर्चुअली माध्यम से जुडे केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के बडे औद्योगिक शहर नोएडा में केंद्र सरकार के सरस मेले का आयोजन अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है।

सरकार का लक्ष्य देशभर की महिलाओं को सशक्त स्वाबलंबी एवं उद्यमी बनाने का है। इसके लिए सभी राायों के गांवों इनके द्वारा स्वयं सहायता समूह चलाए जा रहे हैय मातृशक्ति अब अबला नहीं बल्कि सबला बन चुकी है। आज के इस आयोजन में वर्चुअली जुडा हू इसकी सफलता की कामना करते हुए मंत्रालय की पूरी टीम एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान के भी सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करता हूंय साथ ही देश के कौने.कौने से आई सभी दीदियों को उनकी इस अटूट सफलता के लिए बधाई देता हूं।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं संचार राायय मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा कि यहां आकर यह मेला एक मेला ही नहीं बल्कि एक आंदोलन लग रहा है। ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि सरस मेलों का यह 5वां संस्करण हैए जिसमें 225 स्टॉल तथा एक हजार से अधिक उत्पादों की वैरायटी है।

# टाटा 407 ने व्यक्ति को मारी टक्कर, घायल

**नोएडा।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के जीटी रोड स्थित आईजीएल सीएनजी पंप के समीप एक व्यक्ति को टाटा 407 गाड़ी ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में लगी है । पुलिस ने बताया कि बुलंदशहर के सिकंदराबाद स्थित एसडीएम कॉलोनी निवासी राजेंद्र परिवार के साथ रहते हैं । और वह बुलंदशहर के सनशाइन वेजिटेबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में चालक के पद पर नौकरी करते हैं ।

वह दादरी की तरफ किसी कार्य से गए थे । जब वह जीटी रोड पर आईजीएल सीएनजी पंप के पास पहुंचे तो टाटा गाड़ी ने टक्कर मार दी।

# पेट्रोल पंप पर 10 लाख की लूट का खुलासा

- एक बदमाश पकड़ा, लूट की रकम बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



डीसीपी सिटी राजेश कुमार की टीम के सहयोग से सिहानीगेट थाने के एसएचओ सचिन कुमार की टीम ने शुभम पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से दस लाख से अधिक की लूट करने वाले लुटेरों के गैंग में से एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक पकड़े गये बदमाश के पास से हथियार, लूटी गई रकम में से दो लाख से अधिक रुपये व वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बरामद हुई। पूछताछ के दौरान शातिर लुटेरे ने अपना नाम नावेद निवासी काला आम चौराहे के पास कोतवाली नगर बुलंदशहर बताया। साथ ही यह भी बताया कि उसने अपने अन्य साथी गुलफाम निवासी बहलीमपुरा कोतवाली नगर बुलंदशहर व बिजेंद्र निवासी उटरनवली कोतवाली देहातए जिन्हें हापुड़ पुलिस के द्वारा पकड़ा जा चुका है के अलावा फरार साथी इकराम निवासी सैमली कोतवाली देहात बुलंदशहर हाल नई बस्ती दादरी गौतमबुद्धनगर के साथ मिलकर की थी। नावेद ने बताया कि उनका गैंग अब तक जहां लूटए हत्याए डकैती व स्नेचिंग की अनेक वारदातों को अंजाम दे चुका है वहीं किसी भी लूट का फाइनल करने के बाद वो घटनास्थल से लेकर टारगेट के ट्रैक की रैकी करते थे।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश गिरफ्तार, एक घायल

- विभिन्न जगहों से लूटे गए मोबाइल, चोरी की एक मोटरसाइकिल आदि बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



जिले की थाना फेस -। पुलिस ने बीती रात को एक मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार कर, उनके पास से विभिन्न जगहों से लूटे गए छह मोबाइल फोन, चोरी की एक मोटरसाइकिल आदि बरामद की है। पुलिस की गोली पैर में लगने से एक बदमाश घायल हो गया। अपर पुलिस उपायुक्त, जोन प्रथम, सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि बीती रात को थाना फेस-वन पुलिस सेक्टर 15 -ए के पास चैकिंग कर रही थी, तभी सेक्टर 16 की तरफ से एक मोटरसाइकिल सवार होकर दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर मोटरसाइकिल सवार रुके नहीं बल्कि अपना वाहन वापस मोड़कर सेक्टर 16 की तरफ भागने लगे। उन्होंने बताया कि गंदे नाले की पटरी पर पुलिस ने जब उन्हें घेर लिया तब उन्होंने पुलिस पर गोली चलाई। शुक्ला ने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक गोली श्याम कुमार उर्फ बबलू के पैर में लग गई। बिहार के बेगूसराय का रहने वाले बबलू, पुत्र प्रमोद महतो की उम्र 26 वर्ष है। उन्होंने बताया कि बबलू का एक साथी समीर अली (उम्र 22 वर्ष), पुत्र जाहिद अली, निवासी दिल्ली मौके से भाग गया था, जिसे पुलिस ने तलाशी के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। शुक्ला ने बताया कि इन बदमाशों के पास से पुलिस ने विभिन्न जगहों से लूटे गए छह मोबाइल फोन, देसी तमंचा, चोरी की मोटरसाइकिल आदि बरामद किया है।

## बदमाश जिला अस्पताल से हुआ फरार

***नोएडा।*** *नोएडा पुलिस के साथ मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हुआ बदमाश जिला अस्पताल से तीन-तीन दरोगा और कई पुलिसकर्मियों की तैनाती के बावजूद फरार हो गया। इस घटना के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है और विभागीय जांच के आदेश देने के साथ साथ लापरवाही बरतने के आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। अपर पुलिस उपायुक्त सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि थाना फेस वन पुलिस ने आज तड़के एक मुठभेड़ के दौरान दो शातिर लुटेरों श्याम कुमार और समीर अली को गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि पुलिस की गोली श्याम कुमार के पैर में लगी थी जिसके बाद उसे उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उन्होंने बताया कि श्याम कुमार के साथ अस्पताल में तीन उप निरीक्षक विवेक कुशवाहा, भूपेंद्र चौधरी और सुनील (तीनों अंडर ट्रेनिंग) तथा कुछ अन्य पुलिसकर्मी भी थे।*

**सार्वजनिक सूचना**

सभी को ज्ञात हो कि **श्री. देवी प्रसाद मिश्र एवं श्री देवाशीष मिश्र, दोनों ब्लॉक-एच, साकेत, नई दिल्ली - 110017 में डीडीए एसएफएस फ्लैट नंबर 61-ए** के निवासी, ने मूल 5वां और अंतिम मांग पत्र/आवंटन-सह-मांग पत्र; पानी और बिजली के लिए एनओसी; उक्त परिसर के लिए कब्ज़ा और स्थल कब्ज़ा दस्तावेज खो दिया है/गुम हो गया है । इस संबंध में पुलिस स्टेशन, अपराध शाखा, दिल्ली पुलिस में एफआईआर/एलआर नंबर 2614578/2025 दिनांक 24/02/2025 के साथ एक एफआईआर दर्ज की गई है। किसी भी व्यक्ति के पास **एफ. नं. आर ( 197 )78/ एचबीआर/एसएफएस/ पं.** वाले उक्त दस्तावेज हो तो कृपया इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर उपरोक्त पते पर संपर्क कर सकते हैं। दावा करने वाले व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से उप निदेशक, एसएफएस हाउसिंग, विकास सदन, आईएनए, नई दिल्ली -- 110023 को सूचित/लिख सकते हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सीमा देवी, जो गांव घोंडा गुरजन खादर, मंदिर वाली गली के आबादी में, उत्तरी घोंडा, इलाका शाहदरा, दिल्ली-53 में स्थित संपत्ति संख्या बी-212, भूमि क्षेत्रफल 50 वर्ग गज, खसरा संख्या 176/4, श्रीमती सविता से खरीद रही हैं, जो श्री नेत्र पाल गिरि द्वारा निष्पादित नोटरीकृत जीपीए दिनांक 27.09.2001, नोटरीकृत एटीएस दिनांक 27.09.2001 और नोटरीकृत वसीयत दिनांक 27.09.2001 के माध्यम से मालिक बनीं, और इसे आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित और बंधक रखा जाना है। इसलिए बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/स्वामित्व/हित/बंधक बनाने में कोई आपत्ति है तो वह आज से 15 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है। लुसेम लीगल एलएलपी
बी-93बी, द्वितीय तल, एसबीआई बैंक के सामने, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी-201301, संपर्क **#0120-4269379**

**PUBLIC NOTICE**

General public is hereby informed that, We, M/S Yatah Enterprises Private Limited having its registered office at 602, Prominence by Sangath, IPL, S.P. Ring Road, Near Vaishnodevi Zundal, Gandhinagar, Gujarat – 382421 are filing application in L&DO for mutation of the Plot of land bearing no. 5, in Block No. 148, known as 26 Ferozshah Road, New Delhi - 110001 in the name of M/S Yatah Enterprises Private Limited, on the grounds of registered Sale Deed dated 9th January 2025. If there are any objections / claims from the general public on this application, the same shall be communicated to L&DO with supporting documents through registered post or by visiting L&DO at Nirman Bhawan, New Delhi or through an email at ldo@nic.in, within 30 days of publication of this notice.

**Name: Gurdeep Chauhan (Advocate)**
**Address: Law Intellect, B-20, Basement Floor, East of Kailash, New Delhi - 110065**
**Contact No.: +91-8595468935**

THE PIONEER CLASSIFIEDS

**CHANGE OF NAME**

**I, Anita Jain W/O Satish Kumar** Jain R/O BU 79 Pitampura Delhi 110034 have changed my name Anita Rani Jain to Anita Jain for all purposes.

PD(1583)C

**LOST & FOUND**

**I, Aditya Dasta S/o Sh.** Ramsukh Dasta have lost original Allotment Letter of Flat No.A-301, Gayatri CGHS Ltd, Plot No.09, Sector-9, Dwarka, New Delhi, finder please contact: 9654150164.

PD(1584)C

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री विपिन कुमार पुत्र श्री बिशम्बर दत्त, गांव बसई दारापुर, सुदर्शन पार्क की आबादी में, मोती नगर के पास नई दिल्ली में स्थित खसरा संख्या 604 में से लगभग 128 वर्ग गज में से 68 वर्ग गज क्षेत्रफल में निर्मित संपत्ति संख्या 312, श्री जोगिंदर सिंह द्वारा निष्पादित जीपीए, एटीएस और वसीयत दिनांक 21.04.1993 के माध्यम से मालिक हैं, जिसे एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड) द्वारा वित्तपोषित किया जाना है। यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/ स्वामित्व है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें। **राहुल राज पाठक, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)**
एफएफ18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, यूपी
ईमेल:sgassociatespl@gmail.com,फोन:7011172764, 01204440300

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री लाखन सिंह पुत्र श्री गंगा सहाय, गांव घोंडा गुजरान खादर, गली नंबर 20, गामरी एक्सटेंशन, पी.ओ. भजनपुरा, इलाका, शाहदरा, दिल्ली-110053 में स्थित आवासीय संपत्ति संख्या डी-364, खसरा संख्या 562 में से 100 वर्ग गज, श्रीमती पार्वती द्वारा निष्पादित पंजीकृत जीपीए दिनांक 18.12.2023, दस्तावेज़ संख्या 2506 के माध्यम से मालिक हैं, जिसे एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड) द्वारा वित्तपोषित किया जाना है। यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/ स्वामित्व है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें। **राहुल राज पाठक, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)**
एफएफ18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, यूपी
ईमेल:sgassociatespl@gmail.com,फोन:7011172764, 01204440300

**PUBLIC NOTICE**

I, Ashwani Sharma, son of Late Sh. Dinesh Kumar, resident of 578, Sector-15, Part-1, Gurugram do hereby solemnly affirm and declare as under:
1. That I am contesting the election of Member from Ward No. 13 of the Municipal Corporation Gurugram as a candidate set up as Independent.
2. That I hereby declare that, at the time of filing of the nomination form, a criminal case bearing FIR. No. 0288/2017, registered at Police Station Civil Lines, Sector-15, Part-2, Opp. Galaxy, Gurguram under Section 279, 336, 337 & 338 of the Indian Penal Code 1860 is under trial adjudication against me before the Hon'ble Court of Ms. Anshuman, Judicial Megistrate, 1 Class, Gurugram, vide case No. HRGR 030261232017 (Ch11895).

# होटल में मृत मिले युवक-युवती, सीने में लगी थी गोलियां

- परीक्षा देने घर से निकली थी युवती, युवक पटौदी का व लड़की शिकोहपुर की रहने वाली

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


इसी होटल में युवक-युवती मिले थे मृत।

अपने घर से पेपर देने के लिए निकली एक युवती की यहां एक होटल में एक युवक के साथ डेड बॉडी मिली है। दोनों की छाती में गोली लगी है। दोनों की पहचान की गई तो पता चला कि युवक निखिल (23) पटौदी के गांव लोकरी का रहने वाला था और युवती कोमल (20) शिकोहपुर गांव की रहने वाली थी। डेड बॉडी की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पुलिस को दोनों के शव के पास से एक पिस्टल भी मिली है।

जानकारी के अनुसार शिकोहपुर गांव की रहने वाली युवती कोमल सोमवार 24 फरवरी को अपने घर से पेपर देने के लिए निकली थी। शाम को पेपर देकर वह घर नहीं पहुंची। घर वाले उसकी तलाश करते रहे। इसी बीच मानेसर के निकट हवेली होटल से पुलिस को सूचना मिली कि होटल के कमरा नंबर-303 में एक युवक व युवती की डेड बॉडी पड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची और शवों का पंचनामा किया। पुलिस ने दोनों के शव कब्जे में लिए। होटल के कर्मचारियों से पूछताछ की। पुलिस ने लड़का व लड़की के परिजनों को सूचना दी। लड़की के परिजनों का कहना है कि वह सोमवार को गांव से गुरुग्राम पेपर देने के लिए गई थी। रात तक घर नही पहुंची है।

मानेसर थाना प्रभारी सतेंद्र के मुताबिक कमरे का दरवाजा अन्दर से बंद था। दोनों की छाती में एक-एक गोली लगी है। उनके कमरे से 315 बोर का एक देसी पिस्टल भी मिला है। पुलिस की प्राथमिक जांच में आत्महत्या का केस लग रहा है। ऐहतियात के तौर पर पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे फुटेज भी खंगाल रही है। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# गुरुग्राम में बल्क वेस्ट जनरेटरों का पंजीकरण एक सप्ताह में पूरा करें : अतिरिक्त निगमायुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त डा. बलप्रीत सिंह ने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम सीमा में स्थित सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों के ऑनलाइन पंजीकरण का कार्य अगले एक सप्ताह में पूरा किया जाएगा तथा इसके बाद ठोस कचरा प्रबंधन नियमों की पालना नहीं करने वाले बीडब्ल्यूजी पर कार्रवाई और अधिक तेज की जाएगी।

वे मंगलवार को नगर निगम गुरुग्राम की बीडब्ल्यूजी मॉनिटरिंग सेल के सदस्यों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने सेल के सदस्यों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे कार्य में और अधिक तेजी लाकर अगले एक सप्ताह में पंजीकरण कार्य पूरा कर लें। इसके बाद ऐसे बीडब्ल्यूजी


नगर निगम गुरुग्राम की बीडब्ल्यूजी मॉनिटरिंग सेल के सदस्यों के साथ बैठक करते अतिरिक्त निगमायुक्त डा. बलप्रीत सिंह।

जो ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की पालना नहीं कर रहे हैं, उन पर कार्रवाई तेज गति से करना सुनिश्चित करें। डा. सिंह ने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा संचालित ऑनलाइन पोर्टल पर अब तक 2370 बीडब्ल्यूजी का पंजीकरण किया जा चुका हैं।

# अवैध खनन की मॉनिटरिंग के साथ वैध परमिट की हो रही है जांच : महानिदेशक

## निर्धारित नियमों के तहत ही करें खनिज परिवहन, अन्यथा होगी सख्त कार्रवाई


वाहनों के परमिट की जांच करते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

फरीदाबाद जिला में किसी भी रूप से अवैध खनन न हो और वैध परमिट के साथ निर्धारित नियमों की पालना करते हुए खनिज परिवहन चलें, इसके लिए खनन विभाग पूरी तरह से सजग एवं सतर्क है। खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के निर्देशानुसार फरीदाबाद जिला के खनन विभाग के अधिकारी दिन रात हर खनन गतिविधि व खनिज वाहनों की परिस्थिति पर नज़र रखे हुए हैं।

जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान ने बताया कि जिला में किसी भी क्षेत्र में अवैध खनन नहीं हो रहा है और वे स्वयं अपनी टीम के साथ विभाग द्वारा राजस्थान की ओर से आने वाले वाहनों की जांच निरन्तर कर रही हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान कई मालवाहक वाहनों की जांच की गई और खनिज परिवहन से जुड़े दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल भी की गई। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने सभी मालवाहक गाड़ियों की चेकिंग के साथ-साथ उसमें कितना सामान ले जाया जा रहा है और बिल भी जितना सामान गाड़ी में है, उसी के अनुसार बिल बने हैं या नहीं इस बारे जांच की गई। जांच के दौरान कोई भी गाड़ी बिना बिल के नहीं मिली इसके साथ ही अरावली क्षेत्र की भी निगरानी की गई।

खनन अधिकारी ने कहा कि यमुना रेती और मिट्टी के अवैध खनन अगर कोई करता है तो उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से ऐसा करने वालों के बारे में जिला प्रशासन को सूचना देने का भी आह्वान किया। इसके अलावा माइनिंग विभाग के पास अवैध रेती व मिट्टी खनन के संदर्भ में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो विभाग की निरीक्षण टीम और राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो द्वारा संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पुलिस-प्रशासन की टीम पेट्रोलिंग कर पुख्ता निगरानी करें : डीसी

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई करने बारे अधिकारियों को निर्देश दिए। डीसी विक्रम सिंह आज लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में अवैध खनन के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की। डीसी विक्रम सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अपने जिलों में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णतः




सतर्कता बरते। जहां भी अवैध खनन करने वालों की शिकायतों और सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी सख्ती से पेश आकर चालान करना सुनिश्चित करें।

## स्कूलों के चतुर्थ श्रेणी के कर्मियों का बढ़ा अनुबंध

**चंडीगढ़।** शिक्षा विभाग में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की सेवा में विस्तार किया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत सेवादार, चौकीदार व सफाई कर्मियों की सेवा अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ाई गई है। प्रदेशभर के स्कूलों में 984 कर्मी कार्यरत हैं, जिनकी सेवा अवधि 23 दिसंबर 2025 तक बढ़ाई गई है।

## उत्कृष्ट कार्यों पर मिलेगा एनएसएस स्टेट अवार्ड

**चंडीगढ़।** राष्ट्र सेवा योजना में बेहतर कार्य करने वालों शिक्षण संस्थानों को शिक्षा विभाग द्वारा एनएसएस अवार्ड से नवाजा जाएगा। उच्चतर शिक्षा विभाग से सभी विश्वविद्यालयों, पॉलिटेक्निक एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर हरियाणा स्टेट को पत्र लिखकर राज्य पुरस्कार के लिए आवेदन मांगे गए हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से वर्ष 2023-24 में विश्वविद्यालय एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, जिला बहुतकनीकी संस्थान एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर आदि अवार्ड दिए जाएंगे।

# निकाय चुनाव : डॉ. यशपाल बने गुरुग्राम के संयोजक

- योगेश तंवर को पलवल और फरीदाबाद की सौंपी गई जिम्मेदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल


नगर परिषद पलवल चेयरमैन डॉ. यशपाल

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, हरियाणा प्रदेश ने नगर परिषद पलवल के चेयरमैन डॉ. यशपाल को जिला गुरुग्राम का संयोजक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति आगामी स्थानीय निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन को सशक्त बनाने और पार्टी की स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है।

यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली के निर्देशन में दी गई है, जिसके तहत डॉ. यशपाल गुरुग्राम में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देंगे और निकाय चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्य करेंगे।

अपनी नियुक्ति पर डॉ. यशपाल ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व ने उम्मीद जताई कि डॉ. यशपाल अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता से संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे और स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा को मजबूती दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## ऐसा रिकॉर्ड बनाएंगे कोई नहीं तोड़ पाएगा : गोयल

फरीदाबाद। भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के लिए चुनाव प्रचार में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने जनता से आह्वान किया कि फरीदाबाद में जीत का ऐसा रिकॉर्ड बनाएंगे, जिसे कोई दूसरा तोड़ नहीं पाएगा। जनता के बीच चुनाव प्रचार से यह समीकरण बन चुके हैं। यह बात उन्होंने फरीदाबाद विधानसभा के अलग अलग वार्डों में मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी व पार्षद उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार करते हुए कही।

# जनता को विकास की गारंटी देता हूं: डा. विजय

**गुरुग्राम।** चुनावों के काउंटडाउन के बीच नगर निगम मानेसर से मेयर पद के निर्दलीय प्रत्याशी शिक्षाविद् डा. विजय सिंह नंबरदार ने अपने चुनाव प्रचार को धार दे दी है। अपने चुनावी दौरों में जनता के मिल रहे आशीर्वाद से वे जीत के प्रति भी आश्वस्त हैं।



मंगलवार को क्षेत्र के कई गांवों में उन्होंने चुनाव प्रचार करके लोगों से अपने चुनाव निशान पानी का जहाज के सामने का बटन दबाकर क्षेत्र के विकास की धुरी को मजबूत करने की अपील की। डा. विजय सिंह नंबरदार ने कहा कि यह चुनाव किसी सरकार का नहीं, बल्कि जनता का चुनाव है। जनता यहां ना तो कोई भाई-भतीजावाद देखेगी और ना ही कोई राजनीतिक दल को देखेगी।

# जीत को रिकॉर्ड में बदलने के लिए और मेहनत करें : सुंदर लाल यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

नगर निगम मानेसर के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के मेयर प्रत्याशी सरपंच सुंदर लाल ने कार्यकर्ताओं, साथियों, मातृ शक्ति का आह्वान करते हुए कहा कि मेयर का चुनाव तो हम जीत चुके हैं। अब हमें चुनाव में जीत का रिकॉर्ड बनाने के लिए मेहनत करनी है। हमारे पास तीन दिन और मेहनत करके कमल के फूल पर रिकॉर्ड बनाने पर काम करना है।

सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि मानेसर के हर घर, हर सोसायटी में भाजपा जनता पार्टी के प्रति लोगों में सच्ची भावना है। हर कोई कमल के फूल की जीत को सुनिश्चित करके रिकॉर्ड बनाना चाहता। उन्होंने



कहा कि मानेसर नगर निगम क्षेत्र में चुनाव प्रचार में लोगों का जिस तरह से समर्थन मिल रहा है, उससे यह कहा जा सकता है कि जीत बड़ी होने जा रही है। लोगों के समर्थन पर उन्होंने कहा कि जिस जुनून के साथ जनता उनका चुनाव में साथ दे रही है, उससे ज्यादा जुनून के साथ वे जनता की सेवा करेंगे। हर स्तर पर मूलभूत सुविधाएं तय समय में उपलब्ध कराई जाएंगी।

# भाजपा के पास उपलब्धि नहीं समस्याएं हैं : पंकज डावर

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि नगर निगम के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र कांग्रेस के घोषणा पत्र की कॉपी है। आधे से ज्यादा मुद्दे जो कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में शामिल किए हैं, वही भाजपा ने शामिल किए हैं।

पंकज डावर ने कहा कि अपने घोषणा पत्र में समस्याएं कांग्रेस ने उठाई हैं और उनके निराकरण की जनता से वायदा किया है। भाजपा ने भी समस्याएं अपने संकल्प पत्र में शामिल की हैं। अगर इतनी समस्याएं भाजपा मान रही है तो फिर 10 साल में विकास का ढोल क्यों पीट रही है। भाजपा बताए कि 10 साल में आखिर क्या काम किए गए। शहर में गंदगी की सफाई को लेकर कांग्रेस ने जनता


पंकज डावर।

से वायदा किया है कि गंदगी के स्थान निर्धारित होंगे। गुरुग्राम की जनता कचरे के निस्तारण की बातें सुनते-सुनते सालों बीत गए हैं, लेकिन कुछ नहीं हुआ। अब फिर से भाजपा ने यही बात दोहराई है। गीले व सूखे कूड़े के निस्तारण के लिए नए संयंत्र स्थापित करने की बात कही है। पहले भी भाजपा ऐसे मुद्दों पर राजनीति करती रही है।

## सत्ता बल का दुरूपयोग कर रही भाजपा : जितेन्द्र

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सह-प्रभारी जितेन्द्र बघेल ने भाजपा पर सत्ता बल व धन बल का दुरूपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा कांग्रेस से डरी हुई है, इसलिए कांग्रेस के बढ़ते प्रभाव से भाजपा प्रत्याशी निराश व हताश हैं, डर का कारण भाजपा राज में नगर निगम में हो रहा भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा, भाजपा के भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए फरीदाबाद की जनता कांग्रेस की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही है। कांग्रेस के प्रदेश सह-प्रभारी बघेल मंगलवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं पलवल जिला के सह-प्रभारी सुमित गौड के साथ पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

## फीस भरकर आंसर शीट देख सकेंगे उम्मीदवार

**चंडीगढ़।** हरियाणा लोक सेवा आयोग ने भर्तियों को लेकर उठ रहे सवालों पर विराम लगाते हुए उम्मीदवारों उनकी आंसर शीट दिखाने का फैसला किया है। इसके लिए उम्मीदवारों को पांच सौ रुपये फीस देनी होगी।

एचपीएससी द्वारा किसी भी भर्ती के लिए ली जाने वाली परीक्षा के बाद आंसर की को भी सार्वजनिक किया जाता है। इसके बावजूद उम्मीदवार इससे संतुष्ट नहीं थे। एचपीएससी द्वारा पूर्व समय के दौरान की गई आयुर्वेदिक मेडिकल अफसरों की भर्तियों को लेकर सवाल उठाया था। मामला हाईकोर्ट में भी विचाराधीन है। जिसके चलते एचपीएससी ने इन भर्तियों में शामिल हुए युवाओं को फीस लेकर आंसर शीट दिखाने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुजरात हरियाणा युवा आदान प्रदान कार्यक्रम संपन्न



**फरीदाबाद।** नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद की ओर से केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय गुजरात-हरियाणा अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का मंगलवार को राजस्थान सेवा सदन में समापन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम में एनआईटी विधायक सतीश फागना ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तत्पश्चात उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में युवाओं को नेतृत्व विकास, सांस्कृतिक आदान-प्रदान एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

### शोभायात्रा का श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत ने किया स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** महाशिवरात्रि पर निकली भव्य शोभायात्रा एवं भोले की बारात का श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने अग्रवाल धर्मशाला में पहुंचने पर श्रद्धा भाव व आस्था के साथ स्वागत किया। इस मौके पर श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष कपिल मित्तल, कार्यकारिणी सदस्य राज कुमार मित्तल, अशोक गर्ग, राजेश सिंगला, मुनीष मित्तल, सुधीर कंसल, विकास बंसल अन्य सदस्यों ने शोभायात्रा एवं भोले की बारात का फूल मालाओं एवं पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता ने कहा कि महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ की कृपा एवं दर्शन प्राप्त करना सौभाग्यशाली क्षण है।

### श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में सरस्वती पूजन

**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में मंगलवार को सरस्वती पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय शिक्षण मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों और अधिकारियों के साथ भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांत सह मंत्री



राजू शर्मा, प्रोफेसर ऋषिपाल शामिल हुए। इससे पूर्व सभी ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पार्चन किया। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। उप कुलसचिव चंचल भारद्वाज ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

### युडो हॉट रनर तकनीक से मोल्डिंग उद्योग में बढ़ी दक्षता

**नई दिल्ली।** भारत का प्लास्टिक निर्माण क्षेत्र उत्पादन क्षमता बढ़ाने और अपशिष्ट कम करने के लिए नई तकनीकों को अपना रहा है। इस दिशा में युडो की हॉट रनर प्रणाली की भूमिका अहम हो सकती है। युडो इंडिया के अध्यक्ष विशाल अग्रवाल ने कहा, उत्पादन में दक्षता और लागत नियंत्रण सबसे अहम हैं। युडो की हॉट रनर तकनीक कंपनियों को उनके लक्ष्य हासिल करने में मदद कर रही है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में इस तकनीक से डैशबोर्ड, बंपर और इंटीरियर ट्रिम जैसे पुर्जों का उत्पादन हो रहा है।

### एसआरएम चांसलर मानद फैलोशिप से सम्मानित

**नई दिल्ली।** चेन्नई इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ डेंटिस्ट्री (आईएसडी) सेक्शन 4 (भारत, श्रीलंका और नेपाल) ने एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के फाउंडर चांसलर डॉ. टीआर पारीवेंधर को मानद फैलोशिप प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। आईसीडी की वार्षिक बैठक एवं दीक्षांत समारोह के दौरान डॉ. पारीवेंधर को इन दोनों क्षेत्रों में उनके असाधारण योगदान के लिए चिह्नित किया गया था। आईसीडी के ग्लोबल प्रेसिडेंट डॉ. आयन एम. डॉयल एवं आईसीडी सेक्शन 4 की प्रेसिडेंट डॉ. मीरा वर्मा को ऑनररी फैलोशिप दिया गया।

# कारोबारी की आगरा नहर में गिरने से मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

ओल्ड फरीदाबाद के समीप एक कारोबारी की आगरा नहर में संदिग्ध परिस्थितियों में गिरने से मौत हो गई। नहर में बहते शव को बड़ौली पुल के समीप से बरामद किया है। मृतक की पहचान ओल्ड फरीदाबाद के बराही तालाब निवासी 45 वर्षीय दीपक अग्रवाल के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके शव को मंगलवार सुबह आगरा नहर से बाहर निकालकर कब्जे में लिया। बीपीटीपी थाना की पुलिस विभिन्न पहलूओं से मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार दीपक अग्रवाल बराही तालाब के पास बीड़ी-सिगरेट आदि की दुकान चलाते थे। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे डायल-112 पर सूचना मिली कि बड़ौली पुल के पास आगरा नहर किनारे एक शव पड़ा है। सूचना पाते ही डायल-112 की टीम के साथ बीपीटीपी थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला गया। साथ ही कपड़े व अन्य साधन से शव की पहचान की गई। शव की पहचान ओल्ड फरीदाबाद के बराही तालाब निवासी दीपक अग्रवाल के रूप में की गई।

पुलिस शव को कब्जे में लेकर बीके अस्पताल के शवगृह पहुंचाया और मृतक के परिजनों को सूचना दी। अधिकारियों के अनुसार दीपक अग्रवाल के दो बेटे हैं। दोनों बेटे दसवीं और ईग्यारहवीं में पढ़ते हैं। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि दीपक अग्रवाल सुबह की सैर पर निकले थे।

आशंका है कि उनका पांव फिसल गया और वह आगरा नहर में जा गिरे। आशंका है कि इससे उनकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस आत्महत्या के पहलू से भी मामले की जांच कर रही है।

# भाजपा मेयर प्रत्याशी का सोसाइटियों में विरोध करके आईना दिखा रहे मतदाता: करण दलाल

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

कांग्रेस के गुरुग्राम जिला प्रभारी करण सिंह दलाल ने कहा कि नगर निगम चुनाव में प्रचार के दौरान भाजपा की मेयर प्रत्याशी को सोसाइटियों में घुसने नहीं दिया जा रहा। लोग खुलकर उनका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल से भाजपा के कुशासन से त्रस्त जनता भाजपा को आइना दिखाने का काम कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला उपायुक्त आरडब्यूए के खिलाफ


कांग्रेस के गुरुग्राम प्रभारी करण दलाल।

कार्रवाई की बात कहकर एक तरह से भाजपा की मदद कर रहे हैं। कांग्रेस की ओर से हरियाणा चुनाव आयोग को शिकायत भेजी जा रही है।

करण दलाल ने कहा कि भाजपा अपने गिरेबान में झांककर देखे कि गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा में सिर्फ झूठे दावों के अलावा क्या किया गया है। अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी कांग्रेस के घोषणा पत्र को शामिल करके भाजपा खुद ही यह स्वीकार कर रही है कि 10 साल में कुछ काम नहीं किए गए। कोई शहर गंदगी से मुक्त नहीं हो पाया। कूड़ा उठाने के लिए लगाई गई कंपनी के साथ मिलकर भाजपा ने भ्रष्टाचार किया। गुरुग्राम को गंदगी के ढेर पर लाकर खड़ा कर दिया।

# वाको इंडिया इंटरनेशनल टूर्नामेंट लौटे मीडिया छात्र सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के मीडिया विद्यार्थियों ने चतुर्थ वाको इंडिया ओपन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में मीडिया प्रबंधन का कार्य पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाया।

मीडिया विद्यार्थियों का आयोजन समिति द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ.पवन सिंह ने सभी विद्यार्थियों को शाबाशी देते हुए उनकी सराहना करते हुए पीठ


वाको इंडिया इंटरनेशनल टूर्नामेंट से लौटे छात्रों का सम्मान।

थपथपाई। जेसी बोस विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने अपने बधाई संदेश में मीडिया विद्यार्थियों के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर करने के लिए उत्साहित करते हुए प्रेरित किया। एलुमनाई एवं कॉर्पोरेट अफेयर डीन प्रो. सोनिया बंसल ने संचार टीम में शामिल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ. बंसल ने कहा कि मीडिया विद्यार्थियों द्वारा इवेंट कवरेज के प्रति जुझारूपन, समर्पण भाव, समयबद्ध एवं क्रियात्मक कार्य की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। संचार टीम अपने नाम के अनुरूप अपना कौशल प्रदर्शित करने में हमेशा श्रेष्ठ रही है।

संचार एवं मीडिया तकनीकी विभागाध्यक्ष डॉ.पवन सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि वरिष्ठ प्रशिक्षक दुष्यंत त्यागी के नेतृत्व में %संचार% टीम में शामिल योगेश लाम्बा, आस्था तिवारी, तनिष्का नंदा, वान्या, अमन ने संचार के ही पूर्व छात्र हेमंत शर्मा, धीरेन सिंह, विस्तृत गुप्ता, कृष्णा और खुशी तायल के साथ मिलकर टूर्नामेंट में मीडिया प्रबंधन के अंतर्गत वीडियो, फोटोग्राफी, प्रेस विज्ञप्ति, साक्षात्कार, रील मेकिंग के साथ-साथ सोशल मीडिया प्रबंधन जैसी गतिविधियों में निष्ठा पूर्वक सराहनीय कार्य किया जो प्रशंसनीय हैं।

# कुरुक्षेत्र विवि का 697.15 करोड़ का वार्षिक बजट बैठक में पारित

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद की बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 697.15 करो? रूपये का बजट पारित किया गया। बैठक में कुवि के वित्त अधिकारी प्रो. रमेश दलाल द्वारा बजट की रिपोर्ट को प्रस्तुत करने के साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लोक सम्पर्क विभाग द्वारा तैयार की गई वार्षिक रिपोर्ट-2024 को भी पारित किया गया जिसकी विस्तृत रिपोर्ट लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने प्रस्तुत की।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा 34वें दीक्षांत समारोह को के लिए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सभी को बधाई दी। बैठक में समावेशी शिक्षा के लिए केशोराज छात्रवृत्ति को शुरू करने, आईटीटीआर तथा गणित के विद्यार्थियों के लिए डॉ. परमजीत सिंह विर्क छात्रवृत्ति, गवर्नमेंट कॉलेज, बस्थली, करनाल का नाम डॉ. भीमराव अम्बेडकर गवर्नमेंट कॉलेज करने की अनुशंसा की गई।

